भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1943
दिनांक 11 दिसंबर 2025

**पंजाब में गैस अवसंरचना को मजबूत करना**

†1943.श्री चरनजीत सिंह चन्नीः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और पटियाला में नगर गैस वितरण नेटवर्क की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार का पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएनजी और सीएनजी अवसंरचना का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) केन्द्रीय जिलों से होकर प्रस्तावित गैस पाइपलाइन विस्तार पर चल रहे कार्य का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सर्दी और सर्वाधिक मांग के समय एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना तथा पाइपलाइन संबंधित अवसंरचना बिछाना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) तथा तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जाता है। पीएनजीआरबी ने 12/12ए सीजीडी बोली दौर पूरा होने के बाद, देश भर में सीजीडी नेटवर्क के विकास हेतु पंजाब राज्य सहित संपूर्ण मुख्य भूमि क्षेत्र को शामिल करते हुए 307 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में सीजीडी नेटवर्क के विकास हेतु कंपनियों को प्राधिकृत किया है।

पीएनजीआरबी ने 16 जीएज (चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश), हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में फैले 1 जीए, हरियाणा और पंजाब में फैले 1 जीए तथा पंजाब और राजस्थान में फैले 1 जीए को शामिल करते हुए) को संपूर्ण पंजाब राज्य (ग्रामीण क्षेत्रों सहित) में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकृत किया है। प्राधिकृत

कंपनियों को एमडब्लूपी लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 2033 तक पंजाब राज्य में लगभग 39,42,225 घरेलू पीएनजी (पीएनजी (डी)) कनेक्शन प्रदान करने हैं, 435 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने हैं तथा 64,177 इंच-किमी लंबी पाइपलाइन बिछाने का कार्य करना है। दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत कंपनियों ने पंजाब में 1,22,897 पीएनजी (डी) कनेक्शन प्रदान किए हैं, 282 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं तथा 15,398 इंच-किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई है। दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार, अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और पटियाला सहित पंजाब राज्य में जीए-वार सीजीडी संबंधित प्रगति **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने संबंधित कार्य किया जाता है। पंजाब राज्य से होकर गुजरने वाली पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का विवरण **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

(घ) पंजाब स्थित 9 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों से एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए की जाती है। किसी भी अतिरिक्त आवश्यकता की स्थिति में अधिक मांग होने पर हरियाणा स्थित करनाल तथा  जिंद एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों से एलपीजी की आपूर्ति की जाती है।

तेल और विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने पंजाब राज्य में 96.34 लाख ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडरों की सुचारू तथा निर्बाध आपूर्ति करने के उद्देश्य से 863 डिस्ट्रीब्यूटरों की नियुक्ति की है। डिस्ट्रीब्यूटरों और ग्राहकों का ओएमसी-वार विवरण निम्नानुसार है:

| **ओएमसी** | **एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों की संख्या** | **ग्राहक (लाख में)** |
|---|---|---|
| इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 477 | 50.04 |
| भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 216 | 24.59 |
| हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 170 | 21.71 |
| **कुल** | **863** | **96.34** |

पंजाब सहित उत्तरी राज्यों में तेज ठंड होने पर स्थान का तापमान कम होने से एलपीजी की मांग में वृद्धि देखी जाती है तथा ओएमसीज, अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और पटियाला सहित पंजाब के सभी क्षेत्रों में एलपीजी की मांग को पूरा करने में तत्पर हैं।

अनुलग्नक-I

पंजाब में गैस अवसंरचना को मजबूत करने के संबंध में दिनांक 11.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1943 भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| पंजाब- दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार सीजीडी प्रगति | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | जीएआईडी | भौगोलिक क्षेत्र/सीजीडी नेटवर्क | शामिल किया गया जिला | प्राधिकारकी तिथि | लक्ष्य पूर्ति की तिथि | पीएनजी (डी) कनेक्शन (संख्या) | | | सीएनजी स्टेशन (संख्या) | | | पाइपलाइन (इंच-किमी) | | |
| | | | | | | कुल एमडब्ल्यू पी लक्ष्य | अनुपातिक लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य | कुल एमडब्ल्यू पी लक्ष्य | अनुपातिक लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य | कुल एमडब्ल्यू पी लक्ष्य | अनुपातिक लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
| अडानी गैस टोटल लिमिटेड (1 जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | 3.01 | जालंधर | जालंधर | 06-सितंबर-13 | 30-सितंबर-18 | 1,87,200 | 1,87,200 | 0 | एनए | एनए | 9 | 23,400 | 23,400 | 73 |
| भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (2जीएज) | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | 6.06 | रूपनगर जिला | रूपनगर | 10-जून -16 | 30-जून -23 | 6,782 | 6,782 | 9,651 | एनए | एनए | 19 | 650 | 650 | 763 |
| 3 | 11.41 | फजिल्का (ईएएए),गंगानगर और हनुमानगढ़ के जिले | फजिल्का (ईएएए) | 04-मई-22 | 30-जून -30 | 2,51,000 | 56,475 | 8,963 | 16 | 6 | 16 | 1,103 | 496 | 1,454 |
| कुल | | | | | | 2,57,782 | 63,257 | 18,614 | 16 | 6 | 35 | 1,753 | 1,146 | 2,217 |
| गुजरात गैस लिमिटेड (05 जीएज) | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | 4.07 | अमृतसर जिला | अमृतसर | 05-मई-15 | 30-जून -22 | 24,445 | 24,445 | 33,206 | एनए | एनए | 17 | 953 | 953 | 3,384 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6.01 | भटिंडा जिला | भटिंडा | 10-मई-16 | 30-जून-23 | 13,695 | 13,695 | 9,069 | एनए | एनए | 19 | 1,209 | 1,209 | 1,566 |
| 6 | 10.12 | सिरसा, फतेहाबाद और **मंसा** (पंजाब) के जिले# | मंसा | 29-03-2019 (नई आरंभ तिथि 01.07.2021) | 31-मार्च-30 | 1,66,667 | 41,667 | 0 | 18 | 7 | 7 | 500 | 250 | 238 |
| 7 | 10.32 | फिरोजपुर, फरीदकोट और श्री मुक्तेश्वर साहिब के जिले | फरीदकोट<br>फजिल्का<br>फिरोजपुर<br>श्रीमुक्तेश्वर साहिब | 29-03-2019 (नई आरंभ तिथि 01.07.2021) | 31-मार्च-30 | 3,50,004 | 87,501 | 2,193<br>0<br>0<br>1,362 | 45 | 17 | 8<br>0<br>12<br>8 | 1,200 | 600 | 931<br>0<br>85<br>35 |
| 8 | 10.33 | होशियारपुर और गुरदासपुर के जिले | गुरदासपुर<br>होशियारपुर | 29-मार्च-19 | 31-मार्च-29 | 6,00,123 | 2,10,043 | 2,914<br>3,766 | 81 | 43 | 17<br>23 | 1,800 | 1,170 | 379<br>762 |
| कुल | | | | | | 11,54,934 | 3,77,351 | 52,510 | 144 | 66 | 111 | 5,662 | 4,182 | 7,380 |
| इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (01जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 9 | 11.39 | पठानकोट जिला | पठानकोट | 29-03-2022 (नई आरंभ तिथि | 30-सितंबर-33 | 2,62,740 | 0 | 0 | 51 | 0 | 4 | 151 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 01.10.2025) | | | | | | | | | | |
| इंडियन-ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड (01 जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 10 | 2.01 | चंडीगढ़ (एसएएस नगर जिला) # | एसएएस नगर | 08-मई-13 | 30-जून-18 | 1,75,000 | 1,75,000 | 0 | एनए | एनए | 18 | 438 | 438 | 781 |
| आईआरएम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (01जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 11 | 6.12 | फतेहगढ़ साहिब जिला | फतेहगढ़ साहिब | 05-जुलाई-16 | 30-सितंबर-23 | 5,905 | 5,905 | 6,767 | एनए | एनए | 13 | 650 | 650 | 1,447 |
| जय माधोक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कन्सॉर्टियम (01जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| **12** | **3.06** | लुधियाना | लुधियाना | **25-जून-15** | **30-जून-20** | **2,98,000** | **2,98,000** | **0** | एनए | एनए | **3** | **26,000** | **26,000** | **41** |
| मेघा गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (01 जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 13 | 11.40 | तरण तारण जिला | तरण तारण | 10-मई-22 | 30-जून-30 | 2,43,000 | 54,675 | 0 | 72 | 24 | 6 | 999 | 450 | 136 |
| थिंक गैस लुधियाना प्राइवेट लिमिटेड (02 जीएज) | | | | | | | | | | | | | | |
| 14 | 9.53 | लुधियाना जिला (ईएएए),बरनाला और मोगा के जिला | बरनाला | 26-अक्टूबर-18 | 31-दिसंबर-28 | 4,51,317 | 1,69,244 | 1,858 | 47 | 26 | 5 | 1,486 | 1,003 | 334 |
| | | | लुधियाना | | | | | **14,663** | | | **18** | | | **1,135** |
| | | | मोगा | | | | | 0 | | | 5 | | | 12 |
| 15 | 9.54 | जालंधर जिला (ईएएए),कपूरथ | जालंधर | 26-अक्टूबर-18 | 31-दिसंबर- | 3,86,147 | 1,44,805 | **772** | 51 | 29 | **15** | 1,029 | 695 | **400** |
| | | | कपूरथला | | | | | 10,648 | | | 4 | | | 176 |
| | | | एसबीएस एन नगर | | | | | 4,199 | | | 3 | | | 253 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ला एसबीएसएन नगर के जिले | | | 28 | | | | | | | | | |
| कुल | | | | | | 8,37,464 | 3,14,049 | 32,140 | 98 | 55 | 50 | 2,515 | 1,698 | 2,310 |
| टोरेंट गैस लिमिटेड (01 जीए) | | | | | | | | | | | | | | |
| 16 | 9.52 | एसएएसएन नगर जिला (ईएएए),पटियाला और संगरूर के जिला | पटियाला<br>संगरूर<br>एसएएस एन नगर | 26-सितंबर-18 | 30-सितंबर -28 | 5,20,200 | 2,08,080 | 11,738<br>0<br>1,128 | 54 | 32 | 15<br>6<br>12 | 2,610 | 1,827 | 895<br>0<br>116 |
| कुल | | | | | | 5,20,200 | 2,08,080 | 12,866 | 54 | 32 | 33 | 2,610 | 1,827 | 1,011 |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| कुल योग | | | | | | 39,42,225 | 16,83,517 | 1,22,897 | 435 | 183 | 282 | 64,177 | 59,790 | 15,398 |

#-जीए एक से अधिक राज्यों में स्थित है। एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों को जिलों के बीच आनुपातिक रूप से विभाजित किया गया है।

एनए-लागू नहीं, ईएएए -पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर।

स्रोत:पीएनजीआरबी

अनुलग्नक-II

पंजाब में गैस अवसंरचना को मजबूत करना के संबंध में दिनांक 11.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1943 भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| पंजाब में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | पाइपलाइन का नाम | कंपनी | प्राधिकार की तिथि | प्राधिकृत लंबाई (किमी) | पंजाब में लंबाई (किमी) | प्रचालित लंबाई (किमी) | निर्माणाधीन लंबाई (किमी) |
| 1 | दादरी–बवाना–नागल पाइपलाइन | गेल (इंडिया) लिमिटेड | 15.02.2011 | 921 | 477 | 477 | - |
| 2 | गुरदासपुर - जम्मू पाइपलाइन | गेल (इंडिया)लिमिटेड | 25.07.2023 | 160 | 77 | - | 77 |
| 3 | मेहसाना-भटिंडा पाइपलाइन | जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) | 07.07.2011 | 1,611 | 67 | 47 | 20 |
| 4 | भटिंडा - गुरदासपुर पाइपलाइन | जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) | 07.07.2011 | 261 | 261 | 101 | 160 |
| कुल | | | | **2,953** | **882** | **625** | **257** |

(स्रोत: पीएनजीआरबी)

*****